# RudraThe Practical School

## द्वितीय सत्र परीक्षा

नाम:- ______________________________ दिनांक: /०३/२०२१

कक्षा: **७वी** विषय :हिन्दी पूर्णांक: ६०

**प्रश्न १)अ)अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **अंक ५**

विद्याध्ययन मनुष्य जीवन के संघर्ष का प्रथम सोपान है। इसी काल में इसके मस्तिष्क रूपी स्लेट पर जो लिख दिया गया, वह जीवन पर्यंत नहीं मिट सकता। अतः मानव जीवन की पूर्ण सफलता विद्यार्थी जीवन पर ही निर्भर रहती है।यही वह समय होता है जिसकी नींव पर भावी जीवन की भव्य इमारत खड़ी करनी होती है। विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार है। अंतः प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्तव्य है किभारतीय संस्कृति के अनुरूप उन जीवन मूल्यों को अपनाएं जिन पर जीवन की सफलता या असफलता टिकी होती है। जीवन मूल्य के चरित्र का विकास होता है।उत्तम चरित्र के बिना विद्यार्थी का जीवन उसी प्रकार है जैसे सुगंध के बिना पुष्प।

**क)** मानव जीवन की पूर्ण सफलता किस पर निर्भर रहती है?

**उत्तर** ______________________________

**ख)** विद्यार्थी देश का क्या है?

**उत्तर** ______________________________

**ग)** पुष्प शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए?

**उत्तर** ______________________________

**घ)** उत्तम चरित्र के बिना विद्यार्थी का जीवन किसकी भांति है?

**उत्तर** ______________________________

**ङ)** उपरोक्त गद्यांशके लिएउचित शीर्षक लिखिए।

**उत्तर** ______________________________

**आ)अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **अंक ४**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम स्थल।
जीव जहां से फिर चलता है।
धारण कर नवजीवन संबल।

मृत्यु एक सरिता है ,जिसमें
श्रम से कातर जीव नहा कर
फिर नूतन धारण करता है।
काया रूपीवस्त्ररहा कर।

**क)** निर्भय स्वागत किसका करना चाहिए? ☐ मृत्यु का ☐ जीवन का ☐ श्रम का

**ख)** कवि ने मृत्यु की तुलना किससे की है? ☐ निडरता से ☐ तालाब से ☐ सरिता से

**ग)** सरिता शब्द के पर्यायवाची शब्द है- ☐ तरंगिणी ☐ नदी ☐ अंचल

**घ)**देहांत का पद्यांश में आया पर्यायवाची शब्द है- ☐ मृत्यु ☐ जीव ☐ नूतन

**प्रश्न२)अ) कविता की पंक्तियां पूर्ण कीजिए।** **अंक ३**

**क)**कठपुतली______________________________

बोली______________________________,

क्यों है मेरे पीछे____________?

इन्हें तोड़ दो,

मुझे मेरे____________पर छोड़ दो।

**ख)**______________________________मैं तो तेरे पास में,

ना मैं देवल,________________,________________कैलाश में।

**ग)**_________________भर भर कर,

चेतक बन गया_________________,

____________________घोड़े से

पड़ गया हवा का_________________।

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों के अति लघु उत्तर लिखिए।** **अंक ५**

**क)** विराट कोहली का जन्म कब और कहां हुआ?

**उत्तर** ____________________________________________________________

**ख)** रानी शुकदेई किसके विरुद्ध युद्ध के लिए तैयार थी?

**उत्तर** ____________________________________________________________

**ग)** अनादि के पिता सब बच्चों को क्या सीख देते थे?

**उत्तर** ____________________________________________________________

**घ)** पिछले 10 15 वर्षों में हमारी किस संस्कृति में बड़ा बदलाव आया है?

**उत्तर** ____________________________________________________________

**च)** काकी ने अपनी सारी संपत्ति किसके नाम लिख दी थी?

**उत्तर** ____________________________________________________________

**प्रश्न३)अ) निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए। किन्हीं ३** **अंक ६**

**क)** रामावतार शर्मा ने लियो टॉलस्टॉय की कहानी से क्या प्रेरणा ली?

**उत्तर** ____________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**ख)** रानी शुकदेई अपने साथ युद्ध में कैसे योद्धाओं को चलने के लिए कहती है?

**उत्तर** ____________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**ग)** विराट कोहली को प्यार से सब किस नाम से बुलाते हैं उनका यह नाम कैसे पड़ा?

**उत्तर** ____________________________________________________________

______________________________________________________________________

**घ)** ब्लड बैंक में रक्तदान करने से क्या-क्या लाभ होते हैं?

**उत्तर**

**आ)निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए।किन्ही २** **अंक ८**

**क)** विराट कोहली के जीवन से आपने क्या-क्या सीखा?

**उत्तर**

**ख)**घाट बाबू ने गांव के विकास के लिए क्या-क्या कार्य किए?

**उत्तर**

**ग)**उद्योग धंधों के विस्तार में किस प्रकार हमारे खान-पान पर असर डाला है?

**उत्तर**

**प्रश्न४)अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **अंक ३**

**क)**_______________और_____________राज्यों की सीमाएं मिली हुई थी।

**ख)** भारतीय क्रिकेट टीम के मशहूर खिलाड़ी________________ही है।

**ग)** ________________अनिल की छोटी बहन है।

**इ) निम्नलिखित कविताओं की पंक्तियों का सप्रसंग भावार्थ लिखिए।किन्ही १** **अंक ३**

**क)** गिरता न कभी चेतक तनपर
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह आसमान का घोड़ा था।
जो तनिक हवा से बाग़ हिली,
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं,
तब तक चेतक मुड़ जाता था।

ख) खोजी होए तो तुरतैमिलिहौ,
पल भर की तालास में,
कहे कबीर सुनो भाई साधो,
सब स्वांसो की स्वांसमें।

**ग)**सुनकर बोली और और
कठपुतलियां, कि हां,
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद छुए।

**संदर्भ** ____________________

**प्रसंग** ____________________

____________________

____________________

**भावार्थ** ____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

**प्रश्न५)अ)निम्नलिखित लोकोक्तियां पूर्ण कीजिए।किन्ही २** **अंक २**

**क)** एक मछली सारे तालाब को________________

**ख)**________________भैंस बराबर

**ग)**मान ना________________मैं तेरा________________

**आ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।किन्ही २** **अंक २**

हाथ मलना, नमक मिर्च लगाना, श्री गणेश करना, हथियार डालना,

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

**प्रश्न६)अ) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।किन्ही २** **अंक ४**

**क)**कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य में अंतर बताइए।

**उत्तर**

**ख)** अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद लिखिए।

**उत्तर**

**ग)** वाच्य के कितने और कौन से भेद है लिखिए?

**उत्तर**

**आ) निम्नलिखित चिन्हों के सामने उनके नाम तथा एक एक उदाहरण लिखिए।** **अंक ३**

| **चिन्ह** | **नाम** | **उदाहरण** |
|---|---|---|
| **क)( ! )** | | |
| **ख)("______")** | | |
| **ग)(०) / (...)** | | |

**प्रश्न७) अ)निम्नलिखित विषयों में से किसी एक के लिए विज्ञापन बनाइए।** **अंक ३**

साइकिल के लिए विज्ञापन,पेन या पेंसिल के लिए विज्ञापन, पंखे के लिए विज्ञापन

**या निम्नलिखित किसी एक विषय पर प्रतिवेदन लिखिए।**

**क)** बढ़ती गर्मी की वजह से नासिक के निवासी बेहाल।

**ख)** आपके विद्यालय में कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन।

सूच

**ख)** आपका पेंसिल बॉक्स स्कूल में खो गया है। सूचना पट पर लगाने के लिए सूचना तैयार कीजिए।

**या निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर डायरी लिखिए।**

**क)** प्रथम हवाई यात्रा के बाद आप की डायरी लिखिए। **ख)**कोरोना के बाद आपका विद्यालय में पहला दिन।

**प्रश्न८)अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर पत्र लिखिए।** **अंक ३**

**क)** मित्र को पुरस्कार मिलने पर बधाई पत्र लिखिए।

**ख)**खेल का सामान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

**या नीचे दिए विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए।**

**श्रम का महत्व-रूपरेखा-**श्रम सफलता की कुंजी, संसार कर्मक्षेत्र है ,कर्म वादी बनना चाहिए।

**ताजमहल-रूपरेखा-**भारत अपनी कलाओं के लिए प्रसिद्ध, सात अजूबों में से एक है ताजमहल का सौंदर्य, शाहजहां ने मुमताज की याद में बनवाया ताजमहल।

**आ) दिए गए विषयों में से एक विषय चुनकर निबंध लिखिए।** **अंक ३**

वृक्षारोपण, गणतंत्र दिवस, समय नियोजन, वनों का महत्व,विद्यालय का वार्षिकोत्सव।